यूँ बजाओ ना मुरली की तान रे

यूँ बजाओ ना मुरली की तान रे, तान ले लेगी जान रे ।
कहीं छूट ना जाए, मेरे दिल की कमान रे ।
कान्हा कहना तो मेरा मान रे, तान ले लेगी जान रे ।

ऐसे ना बंशी बजाया करो, कान्हा ना हमको सताया करो ।
कहीं छूट ना जाए, मेरे दिल की कमान रे ॥

दिल दे दिया तो दर्द बढ़ेगा, तुम पर हमारा कर्ज बढ़ेगा ।
कहीं छूट ना जाए, मेरे दिल की कमान रे ॥

जन्मों का अपना नाता रहेगा, तो 'पप्पू शर्मा' गाता रहेगा ।
कहीं छूट ना जाए, मेरे दिल की कमान रे ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1002/title/yun-bajao-naa-murli-ki-taan-re-taan-le-legi-jaan-re-kahin-chut-na-jaye-mere-dil-ki-kamaan-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |